# साप्ताहिक शिक्षक संदर्शिका एवं कार्यपुस्तिका

## अ भाषा

## सप्ताह 1

### दिन 1 - 4

**अनुदेशात्मक कार्य**

- शिक्षण योजना
- कार्य पत्रक
- अभ्यास गतिविधि

### दिन 5 - 6

**समेकन और आकलन**

- समेकन गतिविधि
- कार्य पत्रक (मैंने सीख लिया)

**रेमिडियल और पुनरावृति**

- रेमिडियल गतिविधि
- कार्य पत्रक

### दिन 7

**गृहकार्य**

- कार्य पत्रक

**शिक्षण चक्र**

साप्ताहिक शिक्षण उद्देश्य

## कक्षा 2

निम्नलिखित मॉड्यूल के लिए, उनके संबंधित लिंक पर क्लिक करें।

**आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका :** https://bit.ly/Grade2-Hindi-TG

**कार्यपुस्तिका किसलय :** https://bit.ly/Grade2-Hindi-WB

**संदर्शिका का उपयोग :** https://bit.ly/Grade2-Hindi-Navigator

ग्रीष्म काल

NIPUN BHARAT

# कक्षा-2

उत्तर प्रदेश सरकार

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

| | सोमवार | मंगलवार | बुद्धवार | गुरुवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08:00 am - 08:15 am | प्रार्थना सभा / योग/ छात्र उपस्थिति गणना | | | | | |
| 08:15 am – 08:55 am | हिंदी | हिंदी | हिंदी | हिंदी | हिंदी | हिंदी |
| 08:55 am - 09:35 am | | | | | | |
| 09:35 am – 10:15 am | पठन अभ्यास* | पठन अभ्यास | पठन अभ्यास | पठन अभ्यास | पठन अभ्यास | पठन अभ्यास |
| 10:15 am – 10:45 am | मध्याह्न भोजन | | | | | |
| 10:45 am – 11:25 am | गणित | गणित | गणित | गणित | गणित | गणित |
| 11:25 am – 12:05 pm | | | | | | |
| 12:05 pm – 12:45 pm | | | | | | |
| 12:45 pm – 01:20 pm | अंग्रेजी | पुस्तकालय | अंग्रेजी | पुस्तकालय | अंग्रेजी | पुस्तकालय |
| 01:20 pm - 02:00 pm | सह पाठ्यक्रम छात्र कौशल विकास (खेल, चित्रकला, नाटक, संगीत) | | | | | |

* पठन अभ्यास – लाइब्रेरी बुक्स ऐवं बिग बुक्स का उपयोग करें।

उत्तर प्रदेश शासन

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

NIPUN BHARAT

Language and Learning foundation
Strong Foundation, Stronger Future




कक्षा 2

# आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका

## (भाषा)

## सत्र 2022–2023

सप्ताह 1
दिवस 1

# बच्चों को एक-दूसरे के नामों से परिचित करवाना

कालांश 1 2 3 | मौखिक भाषा | 40 मिनट

## क्रिया के साथ परिचय देना

### तैयारी और सामग्री

- स्थानीय कविता, खाली चार्ट पेपर
- स्थानीय कविता का चयन पहले से कर लें।

### शिक्षक के लिए मुख्य बातें

- सभी बच्चों को गतिविधि में शामिल करें।
- बच्चों को आपस में अपनी भाषा में बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित करें।

## सामाजिक एवं भावनात्मक जुड़ाव


20–25 मिनट



- कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव-भाव के साथ गाएँ। इसके लिए 5 से 7 मिनट दें।
- इसके बाद बच्चों को अपना परिचय दें और अभिवादन के तौर पर कोई क्रिया करें। जैसे – नमस्ते करना, ताली बजाना, तितली की तरह हाथ हिलाना आदि। बच्चों से वह क्रिया दोहराने के लिए कहें।
- अब बच्चों से कहें कि वे भी एक-एक करके अपना नाम बताएँ और साथ में कोई (नई) क्रिया करें। जैसे- कमर में हाथ रखकर हिलना, अपनी सभी उँगलियाँ हिलाना आदि।
- जब कोई बच्चा अपना नाम बताते हुए कोई क्रिया करे तो दूसरे बच्चों से भी उस क्रिया को दोहराने के लिए कहें।
- जब बच्चे अपना नाम बता रहे हों, तब आप चार्ट पेपर पर उनका नाम लिखते जाएँ। बच्चों के नामों को इतने बड़े-बड़े अक्षरों में लिखें कि इन्हें कक्षा में सभी जगहों से पढ़ा जा सके।
- यह सुनिश्चित करें कि इस गतिविधि के अंत तक सभी बच्चों ने अपना नाम और एक नई क्रिया साझा कर ली है।
- बच्चों के नाम वाला चार्ट कक्षा-कक्ष में बच्चों की ऊँचाई के अनुसार ऐसी जगह चिपकाएँ जिसको बच्चे आसानी से देख सकें।

## लेखन कार्य

10–15 मिनट



- आप सभी बच्चों से अपनी पसंद का कोई भी चित्र बनाने को कहें।
- आप बच्चों से उनके द्वारा बनाए गए चित्रों पर आपस में बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित करें। इसके लिए 3–5 मिनट का समय दें।
- फिर, किन्हीं 3–4 बच्चों से अपने चित्र को, सभी को दिखाने और उसके बारे में बताने को कहें।

## शिक्षण-प्रक्रिया की समीक्षा



- क्या सभी बच्चों ने इस गतिविधि में भाग लिया?
- यदि नहीं तो उन बच्चों की पहचान करें और अगले कालांश में उन्हें थोड़े और मौके दें। इसके साथ ही, उन्हें प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित करें।

सप्ताह 1
दिवस 1

## अलग-अलग ध्वनियों की पहचान

कालांश ① **②** ③ | डिकोडिंग | 40 मिनट

### जानवरों की आवाज को पहचानना

#### तैयारी और सामग्री

- कागज की एक गेंद, कार्यपुस्तिका।
- परिवेशीय एवं परिचित जानवरों के नामों का चयन।

#### शिक्षक के लिए मुख्य बातें

- कार्यपुस्तिका पर कार्य करने के स्पष्ट निर्देश बच्चों को उदाहरण सहित दें।
- बच्चों को आपस में मिलकर कार्य करने के मौके दें और प्रोत्साहित करें।

### ध्वनि जागरूकता


20–25 मिनट



- कालांश की शुरुआत आप किसी छोटी-सी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें। इसके लिए 5 से 7 मिनट का समय दें।
- फिर, आप सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।
- बच्चों को बताएँ कि आप उनमें से किसी एक को एक गेंद देंगे और ताली बजाएँगे। जब तक ताली बजती रहेगी, तब तक बच्चे गेंद को अगले बच्चे की ओर बढ़ाते रहेंगे। आप जब ताली बजाना बंद करेंगे, उस समय गेंद जिस बच्चे के हाथ में होगी, उसे आप किसी जानवर का नाम बोलेंगे।
- उसे उस जानवर की आवाज निकालनी होगी। बाकी सभी बच्चे भी वह आवाज निकालेंगे।
- ध्यान दें कि आप जिन जानवरों के नामों का चयन करें, वह परिवेशीय हों या ऐसे हों जिनके बारें में बच्चे जानते हों। शुरुआत में आप भी 1–2 जानवरों की आवाज निकालकर बताएँ।
- इसी प्रकार इस प्रक्रिया को करते रहें जब तक कि सभी बच्चों को मौका नहीं मिल जाए।
- अंत में सभी बच्चों से सामान्य बातचीत करें। जैसे– बच्चों ने उस जानवर को कहाँ देखा है? वह क्या खाता है? किस रंग का होता है? आदि।

### लेखन कार्य

10–15 मिनट



- सभी बच्चों से कार्यपुस्तिका के पाठ– 1 पर कार्य करने को कहें।
- बच्चों को कार्यपुस्तिका पर कार्य करने से संबंधित निर्देश दें। हो सकता है कि आपको एक से अधिक बार भी निर्देश देने पड़ें।
- जब बच्चे कार्यपुस्तिका पर कार्य कर रहे हों तो कक्षा में घूम-घूम कर उनके कार्य का अवलोकन करें और आवश्यकता के अनुसार उनकी सहायता करें।
- बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दिखाने कहें और उनकी प्रशंसा करें।

पाठ–1

### शिक्षण-प्रक्रिया की समीक्षा



- क्या सभी बच्चों ने कार्यपुस्तिका का कार्य पूरी तरह से किया है?
- जिन बच्चों को कार्य करने में परेशानी हो रही है, उनकी पहचान करें। फिर, उनसे बातचीत करें और प्रोत्साहन दें।

सप्ताह 1
दिवस 1

## प्रिंट से परिचय

कालांश ① ② ③ | पठन | 40 मिनट

## बिग बुक से पठन

### तैयारी और सामग्री


- बिग बुक: 'चिड़िया'।
- बिग बुक की कहानी को पहले से पढ़ लें।

### शिक्षक के लिए मुख्य बातें

- सभी बच्चों को गतिविधि में शामिल करें।
- सभी बच्चों की बातों को ध्यान से सुनें और सकारात्मक प्रतिक्रिया दें।

## बिग बुक से पठन

40 मिनट




- कालांश की शुरुआत आप किसी छोटी-सी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें। इसके लिए 5 से 7 मिनट का समय दें।
- फिर, आप सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।
- इसके बाद बिग बुक 'चिड़िया' का मुख्य पृष्ठ सभी बच्चों को दिखाएँ। आप इस प्रकार खड़े हों कि बिग बुक का मुख्य पृष्ठ बच्चों की ओर हो।
- अब आप बच्चों से बिग बुक के मुख्य पृष्ठ में दिख रहे चित्र के बारे में बातचीत करने को कहें। आप प्रश्न कर सकते हैं -
  - आपको यहाँ क्या-क्या दिख रहा है?
  - आपको क्या लगता है इस कहानी में क्या होगा? आदि।
- इसी प्रकार बिग बुक के सभी पृष्ठों को एक-एक करके पलटते जाएँ और पृष्ठों पर बने चित्रों के आधार पर बच्चों से कहानी का अनुमान लगाने को कहें।
- फिर, आप कहानी को बिग बुक से उचित हाव-भाव, उतार-चढ़ाव एवं प्रवाह के साथ पढ़ें। पढ़ते समय प्रत्येक पृष्ठ के शब्दों पर बायीं से दायीं ओर उँगली रखें।
- बिग बुक से पूरी कहानी को इसी प्रकार पढ़कर सुनाएँ। आप सभी पृष्ठों को धीरे से पलटें और बच्चों को यह समझने का मौका दें कि किताब को बायीं से दायीं ओर पढ़ते हैं और आगे पढ़ने के लिए पृष्ठ को पलटते हैं।
- आप बिग बुक का आदर्श रूप से पठन कम से कम 2-3 बार करें।
- इस दौरान बच्चों को यह भी समझने का मौका दें कि इस किताब के हर पृष्ठ पर जो चित्र बने हैं, वे कहानी से संबंधित हैं।
- अंत में, बच्चों द्वारा चित्रों की सहायता से जो अनुमान लगाए गए थे, उन पर बातचीत करें।

## शिक्षण-प्रक्रिया की समीक्षा



- क्या सभी बच्चों ने कहानी समझी है?
- यदि नहीं, तो उन बच्चों की पहचान करें। अगले दिन जब बिग बुक पर कार्य करें, तब उन पर अधिक ध्यान दें।

सप्ताह 1
दिवस 2

## अपनी भाषा में अनुभव साझा करना

कालांश 1 2 3 | मौखिक भाषा | 40 मिनट

### अपने परिवार के बारे में चर्चा

#### तैयारी और सामग्री

- स्थानीय कविता
- अनुभव पर चर्चा के सामान्य बिंदुओं का चयन कर लें।

#### शिक्षक के लिए मुख्य बातें


- अनुभव पर चर्चा के उदाहरण को सरल रखें।
- बच्चों की बातों को ध्यान से सुनें और यदि कोई बच्चा नहीं बोल पा रहा हो तो उसे बोलने के लिए प्रेरित करें।

### बच्चों के अनुभव पर चर्चा (20–25 मिनट)



- कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव-भाव के साथ गाएँ। इसके लिए 5 से 7 मिनट दें।
- सभी बच्चों को एक गोल घेरे में बिठा लें ताकि वे एक-दूसरे को आसानी से देख सकें।
- आप सभी बच्चों को बताएँ कि आज हम सभी अपने परिवार के बारे में बातचीत करेंगे।
- बच्चों से उनके परिवार से जुड़े अनुभव सुनने से पहले आप उदाहरण के लिए अपने अनुभव बताएँ। जैसे:
  - आपके घर में कौन-कौन हैं?
  - वे क्या कार्य करते हैं?
  - घर के सदस्यों की पसंद-नापसंद क्या है?
  - आपको अपने परिवार में कौन-सा सदस्य सबसे अच्छा लगता/लगती है और क्यों ? आदि।
- इसके बाद एक-एक करके सभी बच्चों से परिवार के सदस्यों के बारे में बताने को कहें और अन्य बच्चों को ध्यान से सुनने को कहें।
- अनुभव सुनाने के दौरान यदि बच्चे अपनी तरफ से नए बिंदुओं को जोड़ते हैं, तो उनका प्रोत्साहन करें। सभी बच्चों को कम से कम 2 से 3 वाक्य बोलने के लिए प्रेरित करें।
- बच्चों को स्थानीय/घर की भाषा में बातचीत करने के मौके दें।

### लेखन कार्य (10–15 मिनट)



- सभी बच्चों से अपने परिवार के किसी भी सदस्य का चित्र बनाने के लिए कहें। यहाँ चित्र बनाने का उद्देश्य आढ़ी-टेढ़ी रेखाओं को खींचकर /बनाकर अपने मन की बात को अभिव्यक्त कर पाना है।
- बच्चों को, उनके द्वारा बनाए गए चित्र को अपने साथी को दिखाने कहें और उस पर थोड़ी बातचीत करने कहें। इस दौरान आप घूम-घूम कर उनकी आपस की बातचीत को सुनें।
- फिर, किन्हीं 3-4 बच्चों से सभी के साथ अपने चित्र पर बातचीत करने को कहें।
- बच्चों के द्वारा जैसा भी चित्र बनाया गया हो, उसकी प्रशंसा करें। कक्षा की किसी दीवार पर बच्चों के कार्य को लटका/चिपका दें।

### शिक्षण-प्रक्रिया की समीक्षा



- क्या सभी बच्चों ने इस गतिविधि में समान रूप से भाग लिया?
- जो बच्चे अपने परिवार से संबंधित अनुभव साझा नहीं कर पा रहे, उनके साथ अलग से बात कर, उन्हें सहज महसूस करवाएँ।

सप्ताह 1
दिवस 2

## अलग-अलग ध्वनियों की पहचान

कालांश ① **②** ③ | डिकोडिंग | 40 मिनट

### पक्षियों की आवाज को पहचानना

**तैयारी और सामग्री**

- कागज की एक गेंद, कार्यपुस्तिका।
- परिवेशीय एवं परिचित पक्षियों के नामों का चयन।

**शिक्षक के लिए मुख्य बातें**

- कार्यपुस्तिका पर कार्य करने के निर्देश बच्चों को उदाहरण सहित दें।
- बच्चों को आपस में मिलकर कार्य करने के मौके दें और प्रोत्साहित करें।

### ध्वनि जागरूकता


20–25 मिनट



- कालांश की शुरुआत आप किसी छोटी-सी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें। इसके लिए 5 से 7 मिनट का समय दें।
- फिर, आप सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।
- बच्चों को बताएँ कि आप उनमें से किसी एक को एक गेंद देंगे और ताली बजाएँगे। जब तक ताली बजती रहेगी तब तक बच्चे गेंद को अगले बच्चे की ओर बढ़ाते रहेंगे।
- आप जब ताली बजाना बंद करेंगे, उस समय गेंद जिस बच्चे के हाथ में होगी, उसे किसी पक्षी का नाम बोलेंगे। बच्चों को उस पक्षी की आवाज निकालनी होगी। बाकी सभी बच्चे भी वही आवाज निकालेंगे।
- ध्यान दें कि आप जिन पक्षियों के नामों का चयन करें, वह परिवेशीय हों या ऐसे हों जिनके बारे में बच्चे जानते हों। शुरुआत में आप भी 1-2 पक्षियों की आवाज निकालकर बताएँ।
- इसी प्रकार इस प्रक्रिया को करते रहें जब तक कि सभी बच्चों को मौका नहीं मिल जाए।
- अंत में सभी बच्चों से सामान्य बातचीत भी करें। जैसे- बच्चों ने उस पक्षी को कहाँ देखा है? वे क्या खाते हैं? किस रंग के होते हैं? आदि।

### लेखन कार्य

10–15 मिनट



- सभी बच्चों से कार्यपुस्तिका के पाठ- 2 पर कार्य करने को कहें।
- बच्चों को कार्यपुस्तिका पर कार्य करने से संबंधित निर्देश दें। हो सकता है कि आपको एक से अधिक बार भी निर्देश देने पड़ें।
- जब बच्चे कार्यपुस्तिका पर कार्य कर रहे हों तो कक्षा में घूम-घूम कर उनके कार्य का अवलोकन करें और आवश्यकता के अनुसार उनकी सहायता करें।
- बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दिखाने कहें और उनकी प्रशंसा करें।

पाठ-2

### शिक्षण-प्रक्रिया की समीक्षा



- क्या सभी बच्चों ने कार्यपुस्तिका का कार्य पूरी तरह से किया है?
- जिन बच्चों को कार्य करने में परेशानी हो रही है, उनकी पहचान करें। उनसे बातचीत करें और प्रोत्साहन दें।

सप्ताह 1
दिवस 2

# आदर्श वाचन एवं लोगोग्राफिक पठन

कालांश ① ② ③ | पठन | 40 मिनट

## बिग बुक से पठन

### तैयारी और सामग्री


- बिग बुक: 'चिड़िया'।
- बोर्ड, चाक, चार्ट, मार्कर

### शिक्षक के लिए मुख्य बातें

- बच्चों को अपनी भाषा में अपनी बात कहने के भरपूर मौके दें।
- साझा पठन के लिए सभी बच्चों को प्रोत्साहित करें।

## बिग बुक से पठन

40 मिनट




- कालांश की शुरुआत आप किसी छोटी-सी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें। इसके लिए 5 से 7 मिनट का समय दें।
- फिर, आप सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।
- पिछले दिन हुई चर्चा का दोहराव कुछ प्रश्नों को पूछकर करें। जैसे-
  - कल हमने कौन-सी कहानी पढ़ी थी ?
  - कहानी में क्या हुआ था ?
  - कहानी का क्या नाम था ? आदि।
- फिर, आप कहानी को कम से कम 2 बार आदर्श रूप से, पूरे हाव-भाव, उतार-चढ़ाव एवं प्रवाह के साथ पढ़ें। पढ़ते समय प्रत्येक पृष्ठ के शब्दों पर बायीं से दायीं ओर उँगली रखें।
- कहानी पढ़ने के दौरान आए कठिन या अपरिचित शब्दों के अर्थ बच्चों के परिवेश एवं संदर्भ से जोड़कर बताएँ। इन शब्दों के उदाहरण सरल वाक्यों में दें और बच्चों को भी इन शब्दों से वाक्य बनाने को कहें।
- फिर, आप दोबारा कहानी पढ़ें। इस बार बच्चों को अपने साथ-साथ कहानी पढ़ने को कहें। पढ़ने के दौरान आप उन जगहों पर रुकें जहाँ बच्चे कहानी या चित्रों के आधार पर अपने से कुछ शब्द जोड़ सकें। इस प्रक्रिया को 2-3 बार दोहराएँ।
- आप कहानी पर आधारित खुले छोर के प्रश्न बच्चों से पूछें। जैसे:
  - आपने कौन-कौन सी चिड़िया देखी है ?
  - यदि आप बिल्ली की जगह होते तो क्या करते ?
- अंत में, आप कहानी के कुछ मुख्य शब्दों जैसे- चिड़िया, बिल्ली आदि को बोर्ड पर लिखें। इन्हें 3-4 बार पढ़ें और बच्चों से इन शब्दों के पठन का अभ्यास करवाएँ।
- आप चार्ट पेपर पर इन शब्दों को बड़े-बड़े अक्षरों में लिख दें और कक्षा की किसी दीवार पर लटका /चिपका दें। यह चार्ट पेपर ऐसी जगह लटका /चिपका हो कि सारे बच्चे इसे देख सकें।

## शिक्षण-प्रक्रिया की समीक्षा

- क्या सभी बच्चे आपके साथ-साथ पढ़ पा रहे थे ?
- यदि नहीं तो उन बच्चों की पहचान करें अगले दिन जब बिग बुक पर कार्य करें, तब उन पर अधिक ध्यान दें।

सप्ताह 1
दिवस 3

## अपनी भाषा में अनुभव साझा करना

कालांश ① ② ③ | मौखिक भाषा | 40 मिनट

### अपने परिवार के बारे में चर्चा

**तैयारी और सामग्री**

- स्थानीय कविता।
- चर्चा में उपयोग में लिए जाने वाले बंद एवं खुले छोर के प्रश्नों का चयन करना।

**शिक्षक के लिए मुख्य बातें**

- अनुभव पर चर्चा के अपने उदाहरण को सरल रखें।
- बच्चों की बातों को ध्यान से सुनें और यदि कोई बच्चा नहीं बोल पा रहा हो तो उसे बोलने के लिए प्रेरित करें।

### बच्चों के अनुभव पर चर्चा


20-25 मिनट



- कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव-भाव के साथ गाएँ। इसके लिए 5 से 7 मिनट दें।
- सभी बच्चों को एक गोल घेरे में बिठा लें ताकि वे एक-दूसरे को आसानी से देख सकें।
- आप सभी बच्चों के साथ उनके परिवार से संबंधित कल हुई चर्चा को दोहराएँ और अपने कुछ नए अनुभव बच्चों के साथ साझा करें। जैसे- घर के कार्यों को करने में कौन किसकी सहायता करता है, आप किसकी सहायता करते हैं और कैसे? आपकी सहायता कौन करता है और किन कार्यों को करने में, किन कार्यों को करने के लिए आप अपने घर के लोगों से सलाह लेते हैं या घर के लोग आपकी सलाह लेते हैं ? आदि।
- इसके बाद एक-एक करके सभी बच्चों से उक्त बिंदुओं पर उनके अनुभव बताने को कहें और अन्य बच्चों से ध्यान से सुनने को कहें।
- कुछ तर्क, अनुमान और कल्पना पर आधारित प्रश्न भी पूछें जा सकते हैं जैसे- यदि एक दिन के लिए आपके पिताजी/माताजी की जगह आपको रखा जाए तो आप क्या-क्या करेंगे?
- बच्चों से उनके परिवार में से उनकी पसंद के किसी सदस्य का अभिनय करने को भी कह सकते हैं।
- अनुभव सुनाने के दौरान यदि बच्चे अपनी तरफ से नए बिंदुओं को जोड़ते हैं, तो उनका प्रोत्साहन करें। सभी बच्चों को कम से कम 2 से 3 वाक्य बोलने के लिए प्रेरित करें।

### लेखन कार्य

10-15 मिनट



- सभी बच्चों से अपनी पसंद के किसी भी खेल का या खेल सामग्री का चित्र बनाने के लिए कहें। यहाँ चित्र बनाने का उद्देश्य आढ़ी-टेढ़ी रेखाओं को खींचकर/बनाकर अपने मन की बात को अभिव्यक्त कर पाना है।
- बच्चों को, उनके द्वारा बनाए गए चित्र को अपने साथी को दिखाने और उस पर थोड़ी बातचीत करने को कहें। इस दौरान आप घूम-घूम कर उनकी आपस की बातचीत को सुनें।
- फिर, किन्हीं 3-4 बच्चों को सभी के साथ अपने चित्र पर बातचीत करने को कहें।
- बच्चों के द्वारा जैसा भी चित्र बनाया गया हो, उसकी प्रशंसा करें। कक्षा की किसी दीवार पर बच्चों के कार्य को लटका/चिपका दें।

### शिक्षण-प्रक्रिया की समीक्षा



- क्या सभी बच्चों ने इस गतिविधि में सक्रिय रूप से भाग लिया?
- यदि कुछ बच्चे सक्रिय रूप से इस गतिविधि में प्रतिभाग नहीं कर पाए हैं तो उनकी पहचान कर लें और आगे की चर्चा/कार्य में उन्हें अधिक मौके देने का प्रयास करें।

सप्ताह 1
दिवस 3

# अलग-अलग ध्वनियों की पहचान

कालांश ① **②** ③ | डिकोडिंग | 40 मिनट

## वाहनों की आवाज को पहचानना

### तैयारी और सामग्री

- कागज की एक गेंद, कार्यपुस्तिका।
- साधारण वाहनों के नामों का चयन।

### शिक्षक के लिए मुख्य बातें

- कार्यपुस्तिका पर कार्य करने के निर्देश बच्चों को उदाहरण सहित दें।
- बच्चों को आपस में मिलकर कार्य करने के मौके दें और प्रोत्साहित करें।

## ध्वनि जागरूकता


20–25 मिनट



- कालांश की शुरुआत आप किसी छोटी–सी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें। इसके लिए 5 से 7 मिनट का समय दें।
- फिर, आप सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।
- बच्चों को बताएँ कि आप उनमें से किसी एक को एक गेंद देंगे और ताली बजाएँगे। जब तक ताली बजती रहेगी तब तक बच्चे गेंद को अगले बच्चे की ओर बढ़ाते रहेंगे।
- जब आप ताली बजाना बंद करेंगे, उस समय गेंद जिस बच्चे के हाथ में होगी, आप उसे किसी वाहन का नाम बोलें। बच्चे को उस वाहन की आवाज निकालनी होगी। बाकी सभी बच्चे भी वही आवाज निकालेंगे।
- ध्यान दें कि आप जिन वाहनों के नामों का चयन करें वे साधारण हों और ऐसे हों जिनके बारे में बच्चे जानते हों। शुरुआत में आप भी 1–2 वाहनों की आवाज निकालकर बताएँ।
- इसी प्रकार इस प्रक्रिया को करते रहें जब तक कि सभी बच्चों को मौके नहीं मिल जाएँ।
- अंत में सभी बच्चों से सामान्य बातचीत भी करें। जैसे– बच्चों ने उस वाहन को कहाँ देखा है? क्या उन्होंने इन वाहनों से कभी यात्रा की है? यदि हाँ तो कब?

## लेखन कार्य

10–15 मिनट



- सभी बच्चों से कार्यपुस्तिका के पाठ–3 पर कार्य करने को कहें।
- बच्चों को कार्यपुस्तिका पर कार्य करने से संबंधित निर्देश दें। हो सकता है कि आपको एक से अधिक बार भी निर्देश देने पड़े।
- जब बच्चे कार्यपुस्तिका पर कार्य कर रहे हों तो कक्षा में घूम-घूम कर उनके कार्य का अवलोकन करें और आवश्यकता के अनुसार उनकी सहायता करें।
- बच्चों से किए गए कार्य को दिखाने को कहें और उनकी प्रशंसा करें।

पाठ–3

## शिक्षण-प्रक्रिया की समीक्षा



- क्या सभी बच्चों ने कार्यपुस्तिका का कार्य पूरी तरह से किया है?
- जिन बच्चों को कार्य करने में परेशानी हो रही है, उनकी पहचान करें। उनसे बातचीत करें और प्रोत्साहन दें।

# साझा और लोगोग्राफिक पठन

कालांश ① ② ③ | पठन | 40 मिनट

## बिग बुक से पठन

### तैयारी और सामग्री


- बिग बुक– 'चिड़िया'।

### शिक्षक के लिए मुख्य बातें

- बच्चों को अपनी भाषा में अपनी बात कहने के भरपूर मौके दें।
- साझा पठन के लिए सभी बच्चों को प्रोत्साहित करें।

## बिग बुक से पठन

40 मिनट




- कालांश की शुरुआत आप किसी छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें। इसके लिए 5 से 7 मिनट का समय दें।
- फिर, आप सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।
- पिछले दिन हुई चर्चा का दोहराव कुछ प्रश्नों को पूछकर और सरल चर्चा के द्वारा करें।
- फिर, आप कहानी को 1 बार आदर्श रूप से, पूरे हाव-भाव, उतार- चढ़ाव एवं प्रवाह के साथ पढ़ें। पढ़ते समय प्रत्येक पृष्ठ के शब्दों पर बायीं से दायीं ओर उँगली रखें।
- इसके बाद बच्चों से अपने साथ-साथ (साझा पठन) कहानी पढ़ने को कहें। पढ़ने के दौरान आप उन जगहों पर रुकें जहाँ बच्चे कहानी या चित्रों के आधार पर खुद कुछ शब्द जोड़ सकें। इस प्रक्रिया को 2-3 बार दोहराएँ।
- आप बच्चों से कहानी पर थोड़ी और बातचीत करें और खुले छोर के प्रश्न पूछें। बातचीत के लिए प्रश्न कुछ इस तरह से हो सकते हैं, जैसे–
  - इस कहानी में आगे क्या हुआ होगा ?
  - यदि तुम चिड़िया की जगह होते तो क्या करते ?
- अंत में, पिछले दिन जो शब्द चार्ट पेपर में आपने लिखे थे, बच्चों को उन्हें पढ़ने का अभ्यास करवाएँ। आप इन शब्दों को बोर्ड पर भी लिख सकते हैं और कक्षा के 6-7 अलग-अलग बच्चों से इन्हें पढ़ने को कह सकते हैं।

## शिक्षण-प्रक्रिया की समीक्षा



- क्या सभी बच्चे आपके साथ-साथ पढ़ पा रहे थे ?
- यदि नहीं तो उन बच्चों की पहचान करें। अगले दिन जब बिग बुक पर कार्य करें, तब उनपर अधिक ध्यान दें।

## बच्चों को एक-दूसरे की पसंद को जानने के मौके मिलना

कालांश 1 2 3 | मौखिक भाषा | 40 मिनट

### गतिविधि : क्या-क्या अच्छा लगता है?

**तैयारी और सामग्री**

- स्थानीय कविता, कागज की गेंद।

**शिक्षक के लिए मुख्य बातें**

- बच्चों को अपनी भाषा में अपनी बात कहने के भरपूर मौके दें।

## सामाजिक एवं भावनात्मक जुड़ाव


20–25 मिनट



- कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव-भाव के साथ गाएँ। इसके लिए 5 से 7 मिनट दें।
- सभी बच्चों को एक गोल घेरे में बिठा लें ताकि वे एक-दूसरे को आसानी से देख सकें।
- बच्चों को बताएँ कि आज हम लोग एक गतिविधि करेंगे, जिसमें एक कागज की गेंद लेंगे। जिसके पास भी कागज की गेंद होगी, उसे अपने मनपसंद खाने की वस्तु के बारे में बताना होगा और फिर गेंद अगले साथी की ओर बढ़ानी होगी ।
- अपनी मनपसंद खाने की वस्तु के बारे में बात करने के दौरान वे इन बिंदुओं पर बात कर सकते हैं- मनपसंद खाने की वस्तु का नाम, कब-कब और कहाँ खाते हैं? कौन बनाता है? किसके साथ मिलकर खाते हैं? इसे बनाने का तरीका क्या है? इससे जुड़ी कोई यादें, आदि।
- गतिविधि की शुरुआत आप स्वयं करें और अपने मनपसंद खाने की वस्तु के बारे में उपर्युक्त बिंदुओं पर बात करें। इससे बच्चों को पता चलेगा कि इस विषय पर वे क्या-क्या बोल सकते हैं।
- सभी बच्चों को बारी-बारी से अपनी बात कहने का मौका दें और जरूरत पड़ने पर उन्हें अपनी बात कहने में सहायता करें।

## लेखन कार्य

10–15 मिनट



- सभी बच्चों से अपनी पसंद की, किसी खाने के वस्तु का चित्र बनाने के लिए कहें।
- बच्चों को उनके द्वारा बनाए गए चित्र को अपने साथी को दिखाने कहें और उस पर थोड़ी बातचीत करने को कहें। इस दौरान, आप घूम-घूम कर उनकी आपस की बातचीत को सुनें।
- फिर, किन्हीं 3-4 बच्चों को सभी के साथ अपने चित्र पर बातचीत करने को कहें।

## शिक्षण-प्रक्रिया की समीक्षा



- क्या सभी बच्चे अपने मन की बात सहजता से कह पा रहे हैं?
- यदि नहीं तो इन बच्चों की पहचान करें और इनसे अलग से थोड़ी बातचीत करें। आप समझने का प्रयास करें कि इन्हें क्या असुविधा हो रही है।

# अलग अलग ध्वनियों की पहचान

कालांश ① **②** ③ | डिकोडिंग | 40 मिनट

## विभिन्न आवाजों को पहचानना

### तैयारी और सामग्री

- कागज की एक गेंद, कार्यपुस्तिका
- परिवेशीय एवं परिचित वस्तुओं के नामों का चयन जिनके सरकने/ रगड़ने आदि से आवाज होती हो।

### शिक्षक के लिए मुख्य बातें

- कार्यपुस्तिका पर कार्य करने के स्पष्ट निर्देश बच्चों को उदाहरण सहित दें।
- बच्चो को आपस में मिलकर कार्य करने के मौके दें और प्रोत्साहित करें।

## ध्वनि जागरूकता

20-25 मिनट



- कालांश की शुरुआत आप किसी छोटी तुकांत वाली कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें। इसके लिए 5 से 7 मिनट का समय दें।
- फिर, आप सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।
- बच्चों को बताएँ कि आप उनमें से किसी एक को एक गेंद देंगे और ताली बजाएँगे। जब तक ताली बजती रहेगी तब तक बच्चे गेंद को अगले बच्चे की ओर बढ़ाते रहेंगे।
- जब आप ताली बजाना बंद करेंगे, उस समय गेंद जिस बच्चे के हाथ में होगी उसे आप बोलेंगे :

बोलो तुमने क्या देखा ?


बच्चे से किसी भी वस्तु (सजीव/निर्जीव) का नाम लेने को कहें। बच्चा जिस भी वस्तु का नाम लेगा, आप उसे उसकी आवाज निकालने को कहें। जैसे- बोलो टेबल कैसे बोला ?

कक्षा के सभी बच्चों को इस आवाज को 2 बार दोहराने को कहें।

- इस गतिविधि को इसी तरह आगे बढ़ाएँ और यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों को कम-से-कम 1 मौका मिल सके।
- बारी-बारी से अलग-अलग वस्तुओं का नाम बताएँगे और उनकी आवाज निकालकर बताएँगे।

## लेखन कार्य

10-15 मिनट



- सभी बच्चों से कार्यपुस्तिका के पाठ- 4 पर कार्य करने को कहें।
- बच्चों को कार्यपुस्तिकापर कार्य करने से संबंधित निर्देश दें। हो सकता है कि आपको एक से, अधिक बार भी निर्देश देने पड़ सकते हैं।
- जब बच्चे कार्यपुस्तिका पर कार्य कर रहे हों तो कक्षा में घूम-घूम कर उनके कार्य का अवलोकन करें और आवश्यकता के अनुसार उनकी सहायता करें।
- बच्चों द्वारा किए कार्य को दिखाने कहें और उनकी प्रशंसा करें।

पाठ-4

## शिक्षण-प्रक्रिया की समीक्षा



- क्या सभी बच्चों ने कार्यपुस्तिका का कार्य पूरी तरह से किया है ?
- जिन बच्चों को कार्य करने में परेशानी हो रही है, उनकी पहचान करें। उनसे बातचीत करें और प्रोत्साहन दें।

सप्ताह 1
दिवस 4

# साझा पठन और पढ़ने का अभिनय

कालांश ① ② ③ | पठन | 40 मिनट

## बिग बुक से पठन

### तैयारी और सामग्री


- बिग बुक- 'चिड़िया'

### शिक्षक के लिए मुख्य बातें

- बच्चों को अपनी भाषा में अपनी बात कहने के भरपूर मौके दें।
- बच्चों द्वारा बिग बुक को पढ़ने की नकल करने के दौरान आप उनका प्रोत्साहन और प्रशंसा करें।

## बिग बुक से पठन

40 मिनट




- कालांश की शुरुआत आप किसी छोटी-सी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें। इसके लिए 5 से 7 मिनट का समय दें।
- फिर, आप सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।
- पिछले दिन हुई चर्चा का दोहराव कुछ प्रश्नों को पूछकर करें।
- फिर आप बच्चों से अपने साथ-साथ (साझा पठन) कहानी पढ़ने को कहें। पढ़ने के दौरान आप उन जगहों पर रुकें जहाँ बच्चे कहानी या चित्रों के आधार पर खुद कुछ शब्द जोड़ सकें। इस प्रक्रिया को 2-3 बार दोहराएँ।
- आप बच्चों से कहानी पर बातचीत करें और कुछ नए खुले छोर के प्रश्न पूछें।
- जिन कठिन/अपरिचित शब्दों पर आपने पिछले दिन कार्य किया था, उन पर आप फिर से बात करें। कुछ नए बच्चों को इन शब्दों से वाक्य बनाने का मौका दें।
- बाद में, कक्षा के 5-6 बच्चों को बुलाकर बिग बुक पढ़ने को कहें। यहाँ उद्देश्य बच्चों द्वारा बिग बुक को सही-सही पढ़ना नहीं है बल्कि प्रिंट को समझ पाना, किताब को सही तरह से पलटना, बाएँ से दाएँ पढ़ने की नकल करना है। बच्चे अपने मन से कुछ भी पढ़ सकते हैं, उन्हें टोके नहीं।
- आखिर में चार्ट पेपर पर लिखे हुए शब्दों को बच्चों से पढ़ने को कहें। इन कहानी के चयनित मुख्य शब्दों को बोर्ड पर लिखकर भी बच्चों से इनको पढ़ने का अभ्यास करवा सकते हैं।
- कोशिश करें कि नए बच्चों को इस पर कार्य करने का मौका मिले।

## शिक्षण-प्रक्रिया की समीक्षा



- क्या सभी बच्चे साझा पठन में हिस्सा ले पा रहे थे?
- यदि नहीं तो उन बच्चों की पहचान करें और उनसे अलग से बात करें। समझने का प्रयास करें कि उन्हें क्या परेशानी हो रही है।

सप्ताह 1
दिवस 5

# सामान्य निर्देशों को समझना

कालांश 1 2 3 | मौखिक भाषा | 40 मिनट

## खेल - 'जो मैं कहूँ'

### तैयारी और सामग्री

- स्थानीय कहानी।
- कहानी का चयन पहले से कर लें।

### शिक्षक के लिए मुख्य बातें

- यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे खेल गतिविधि में हिस्सा लें।

## सामान्य निर्देशों को समझना

20-25 मिनट



- कालांश की शुरुआत आप किसी छोटी-सी कहानी से करें। इसके लिए 5 से 7 मिनट का समय दें।
- फिर, आप सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।
- आप बच्चों को बताएँ कि आज हम 'जो मैं कहूँ' खेल खेलेंगे। इस खेल में आप बच्चों को कुछ निर्देश देंगे और सभी को उसके अनुसार प्रतिक्रिया देना /कार्य करना होगा।
- आप बच्चों को निर्देश दें-

जब मैं बोलूँ 1 तो आपको अपने स्थान पर खड़े रहकर 1 ताली बजाना है। बच्चों को ऐसा करने के लिए थोड़ा समय दें।


- कुछ समय बाद आप बोलें:

जब मैं बोलूँ 2 तो आप अपनी जगह पर धीरे से कूदें।

- इसी तरह आप आगे नए-नए निर्देश जोड़ें और बच्चों को उसके अनुसार प्रतिक्रिया देने/ क्रिया करने को कहें।
- अंत में बच्चों से थोड़ी बातचीत करें कि उन्हें यह गतिविधि कैसी लगी? जो बच्चे प्राय: कम बोलते हैं, उन्हें बोलने के लिए प्रोत्साहित करें।

## लेखन कार्य

10-15 मिनट



- सभी बच्चों से अपनी पसंद का कोई भी चित्र बनाने के लिए कहें।
- बच्चों को उनके द्वारा बनाए गए चित्र अपने साथी को दिखाने और उस पर थोड़ी बातचीत करने को कहें। इस दौरान, आप घूम-घूम कर उनकी आपस की बातचीत को सुनें।
- फिर, किन्हीं 3-4 बच्चों को सभी के साथ अपने चित्र पर बातचीत करने कहें।

## शिक्षण-प्रक्रिया की समीक्षा



- क्या सभी बच्चे आपका निर्देश समझ पा रहे थे?
- यदि नहीं तो इन बच्चों की पहचान करें, इन पर ध्यान दें और समझने का प्रयास करें कि उन्हें कोई परेशानी तो नहीं हो रही।

सप्ताह 1
दिवस 5

# अलग-अलग ध्वनियों की पहचान

कालांश ① ② ③ | डिकोडिंग | 40 मिनट

## खेल- 'चली-चली'

### तैयारी और सामग्री

- स्थानीय कहानी, कागज की गेंद, कार्यपुस्तिका।
- कहानी का चयन पहले से कर लें।

### शिक्षक के लिए मुख्य बातें

- यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे खेल गतिविधि में हिस्सा लें।
- कार्यपुस्तिका पर कार्य करने के स्पष्ट निर्देश बच्चों को उदाहरण सहित दें।

## ध्वनि जागरूकता

20–25 मिनट



- कालांश की शुरुआत आप किसी छोटी स्थानीय कहानी से करें। इसके लिए 5 से 7 मिनट का समय दें।
- फिर, आप सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।
- बच्चों को बताएँ कि आप उनमें से किसी एक को एक गेंद देंगे और ताली बजाएँगे। जब तक ताली बजती रहेगी तब तक बच्चे गेंद को अगले बच्चे की ओर बढ़ाते रहेंगे।
- जब आप ताली बजाना बंद करेंगे, उस समय गेंद जिस बच्चे के हाथ में होगी उसे आप बोलेंगे :

"रेल चली, रेल चली" (बच्चे पीछे-पीछे दोहराएँगें- "रेल चली, रेल चली।")


- आप फिर बोलें–

"कैसे चली, कैसे चली?" (बच्चों को रेल की आवाज निकालनी है और कहना है, "छुक छुक छुक छुक")

- इसी प्रकार से आप अन्य/ परिचित यातायात के संसाधनों का नाम बोलें और इस गतिविधि को आगे बढ़ाएँ।
- आप मोटर, बाइक, बस, हवाई जहाज आदि के नामों के उदाहरण ले सकते हैं।

## लेखन कार्य

10–15 मिनट



- सभी बच्चों से कार्यपुस्तिका के पाठ–5 पर कार्य करने को कहें।
- बच्चों को कार्यपुस्तिका पर कार्य करने से संबंधित निर्देश दें। हो सकता है कि आपको एक से अधिक बार भी निर्देश देने पड़ें।
- जब बच्चे कार्यपुस्तिका पर कार्य कर रहे हों तो कक्षा में घूम-घूम कर उनके कार्य का अवलोकन करें और आवश्यकता के अनुसार उनकी सहायता करें।
- बच्चों द्वारा किए कार्य को दिखाने कहें और उनकी प्रशंसा करें।

पाठ–5

## शिक्षण-प्रक्रिया की समीक्षा



- क्या सभी बच्चों ने कार्यपुस्तिका का कार्य पूरी तरह से किया है?
- जिन बच्चों को कार्य करने में परेशानी हो रही है, उनकी पहचान करें। उनसे बातचीत करें और प्रोत्साहन दें।

सप्ताह 1
दिवस 5

# शब्दों को आकृति के रूप में पढ़ना

कालांश ① ② ③ | पठन | 40 मिनट

## गतिविधि : मेरा नाम

### तैयारी और सामग्री


- चार्ट पेपर
- एक चार्ट पेपर पर बच्चों के नाम बड़े अक्षरों में लिखकर तैयार रखें।

### शिक्षक के लिए मुख्य बातें

- सभी बच्चों को गतिविधि में हिस्सा लेने का मौका दें।
- सभी बच्चों को अपना नाम पहचानने के लिए सहायता करें और प्रोत्साहन दें।

## लोगोग्राफिक पठन

40 मिनट




- कालांश की शुरुआत आप किसी छोटी-सी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें। इसके लिए 5 से 7 मिनट का समय दें।
- फिर, आप सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।
- आप एक-एक कर सभी बच्चों का नाम बुलाएँ, और उन्हें खाने में क्या पसंद है, ऐसे किसी एक वस्तु का नाम बोलने को कहें और क्यों पसंद है उन्हें यह भी बोलने को कहें।
- इस दौरान, आप बच्चों का नाम बोर्ड पर लिखें और उनके पसंदीदा पकवान का चित्र बनाएँ।
- यह प्रक्रिया आप एक-एक कर सभी बच्चों के साथ करें।
- फिर, किसी भी बच्चे का नाम लें और उन्हें उनका नाम बोर्ड पर कहाँ लिखा है, यह पहचानने को कहें। यह प्रक्रिया सभी बच्चों के साथ किसी भी क्रम में करें।
- आखिर में जिस चार्ट पेपर पर आपने बच्चों का नाम लिखा है, उसे कक्षा में चिपका/लटका दें। इसे ऐसी जगह पर लगाएँ कि सभी बच्चे इसे देख सकें।

## शिक्षण-प्रक्रिया की समीक्षा



- क्या सभी बच्चों ने इस प्रक्रिया में भाग लिया और पढ़ने का प्रयास किया?
- यदि नहीं तो उन बच्चों की पहचान करें और उन पर अधिक ध्यान दें।

सप्ताह 1
दिवस 6

# सामान्य निर्देशों को समझना

कालांश 1 2 3 | मौखिक भाषा | 40 मिनट

## खेल- 'बात सुनो भई बात सुनो'

### तैयारी और सामग्री

- आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका (2020-21), कक्षा 2
- कहानी का चयन पहले से कर लें।

### शिक्षक के लिए मुख्य बातें

- यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे गतिविधि में हिस्सा लें।

## सामान्य निर्देशों को समझना

20-25 मिनट




- कालांश की शुरुआत आप किसी छोटी कहानी से करें। इसके लिए 5 से 7 मिनट का समय दें।
- फिर, आप सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।
- आप बच्चों को बताएँ कि आज हम 'बात सुनो भई बात सुनो' खेल खेलेंगे। इस खेल में आप बच्चों को कुछ निर्देश देंगे और सभी को उसके अनुसार प्रतिक्रिया देना /कार्य करना होगा।
- आप बच्चों को निर्देश दें:

सारे बच्चो बात सुनो, मिल-जुलकर एक गोला बनाओ। बच्चों को ऐसा करने के लिए थोड़ा समय दें।

- इसी तरह आप आगे नए-नए निर्देश जोड़ें और बच्चों को उसके अनुसार प्रतिक्रिया देने/ क्रिया करने को कहें। जैसे - सारे बच्चो बात सुनो, जल्दी से एक लाइन बनाओ।
- आगे आपके द्वारा दाएँ से बाए चलना, बाएँ से दाएँ चलना, कूदना इत्यादि निर्देश दिए जा सकते हैं।
- आखिर में बच्चों से थोड़ी बातचीत करें कि उन्हें यह गतिविधि कैसी लगी, जो बच्चे प्रायः कम बोलते हैं, उन्हें बोलने के लिए प्रोत्साहित करें।

## लेखन कार्य

10-15 मिनट



- सभी बच्चों से अपनी पसंद के किसी फूल का चित्र बनाने के लिए कहें।
- बच्चों से उनके द्वारा बनाए गए चित्र अपने साथी को दिखाने और उस पर थोड़ी बातचीत करने को कहें।

इस दौरान, आप घूम-घूम कर उनकी आपस की बातचीत को सुनें।

- फिर, किन्हीं 3-4 बच्चों को सभी के साथ अपने चित्र पर बातचीत करने कहें।

## शिक्षण-प्रक्रिया की समीक्षा



- क्या सभी बच्चे आपका निर्देश समझ पा रहे थे?
- यदि नहीं तो उन बच्चों की पहचान करें, उन पर ध्यान दें और समझने का प्रयास करें कि उन्हें कोई परेशानी तो नहीं हो रही।

सप्ताह 1
दिवस 6

## अलग-अलग ध्वनियों की पहचान

कालांश ① **②** ③ | डिकोडिंग | 40 मिनट

### खेलः 'सुनो-सुनो अब ये बताओ'

#### तैयारी और सामग्री

- स्थानीय कहानी, कागज की गेंद, कार्यपुस्तिका।
- कहानी का चयन पहले से कर लें।

#### शिक्षक के लिए मुख्य बातें

- कार्यपुस्तिका पर सभी बच्चों के कार्य का अवलोकन करें।
- यदि सुधार के बिन्दु हों तो उन पर सकारात्मक रूप से सुझाव दें और उनका प्रोत्साहन करें।

### ध्वनि जागरूकता


20–25 मिनट



- कालांश की शुरुआत आप किसी कहानी को स्थानीय/बच्चों की भाषा में सुनाकर करें। इसके लिए 5 से 7 मिनट का समय दें।
- फिर, आप सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।
- बच्चों को बताएँ कि आप उनमें से किसी एक को एक गेंद देंगे और ताली बजाएँगे। जब तक ताली बजती रहेगी तब तक बच्चे गेंद को अगले बच्चे की ओर बढ़ाते रहेंगे।
- जब आप ताली बजाना बंद करेंगे, उस समय गेंद जिस बच्चे के हाथ में होगी, उसे आप बोलेंगे– "सुनो, सुनो, अब ये बताओ, चीं-चीं-चीं-चीं कौन है करता?" (बच्चे बोलेंगे- "चीं-चीं-चीं-चीं चिड़िया करती।")
- आप बच्चों को 1–2 उदाहरण द्वारा समझाएँ कि उन्हें कैसे जवाब देना है।
- आप अलग-अलग वस्तुओं (सजीव/निर्जीव) द्वारा इस गतिविधि को आगे बढ़ाएँ। जैसे– टर्र-टर्र-टर्र-टर्र, खटपट-खटपट, चर-चर-चर-चर, आदि।
- इस गतिविधि के लिए आप किसी भी आवाज को केंद्र में रखकर कार्य कर सकते हैं और बच्चे भी अपनी कल्पना से किसी भी वस्तु (सजीव/निर्जीव) का नाम ले सकते हैं।

### लेखन कार्य

10–15 मिनट



- सभी बच्चों से कार्यपुस्तिका के पाठ- 6 पर कार्य करने को कहें।
- बच्चों को कार्यपुस्तिका पर कार्य करने से संबंधित निर्देश दें। हो सकता है कि आपको एक से अधिक बार भी निर्देश देने पड़ सकते हैं।
- जब बच्चे कार्यपुस्तिका पर कार्य कर रहे हों तो कक्षा में घूम-घूम कर उनके कार्य का अवलोकन करें और आवश्यकता के अनुसार उनकी सहायता करें।
- बच्चों द्वारा किए कार्य को दिखाने को कहें और उनकी प्रशंसा करें।

पाठ–6

- इसके पश्चात आप इस सप्ताह के गृहकार्य को करने के निर्देश बच्चों को उदाहरण सहित दें।

### शिक्षण-प्रक्रिया की समीक्षा



- क्या सभी बच्चों ने कार्यपुस्तिका का कार्य पूरी तरह से किया है?
- जिन बच्चों को कार्य करने में परेशानी हो रही है, उनकी पहचान करें। सप्ताह भर के कार्य को देखें और उन्हें आ रही असुविधा को समझने और उन्हें आवश्यक सहायता देने की योजना बनाएँ।

सप्ताह 1
दिवस 6

# शब्दों को आकृति के रूप में पढ़ना

कालांश ① ② ③ | पठन | 40 मिनट

## मेरा नाम

### तैयारी और सामग्री


- कागज, मार्कर
- कागज की बहुत सारे स्ट्रिप बनाएँ, हर स्ट्रिप पर अलग-अलग बच्चों के नाम लिखें।

### शिक्षक के लिए मुख्य बातें

- सभी बच्चों को गतिविधि में हिस्सा लेने का मौका दें।
- सभी बच्चों को उनके नाम को पहचानने में सहायता करें और प्रोत्साहन दें।

## लोगोग्राफिक पठन

40 मिनट





- कालांश की शुरुआत आप किसी छोटी-सी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें। इसके लिए 5 से 7 मिनट का समय दें।
- फिर, आप सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।
- आप जमीन पर उन कागज की स्ट्रिप को फैला दें जिन पर कक्षा-कक्ष के संसाधनों के नाम लिखे हैं।
- अब आप एक-एक कर सभी बच्चों का नाम बुलाएँ और उन्हें कोई भी एक स्ट्रिप उठाने बोलें और उसमें लिखे हुए नाम को पहचानने को कहें।
- यदि बच्चों को स्ट्रिप पर लिखे हुए नाम को पढ़ने में परेशानी हो रही है तो उनकी सहायता करें।
- अंत में सभी बच्चों से अपना चित्र बनाने और अपनी स्ट्रिप में से देखकर नाम लिखने को कहें।
- यहाँ बच्चे किसी भी तरह से (आढ़े-टेढ़े) लिख सकते हैं। बच्चों ने जो भी चित्र बनाया हो और जैसे भी अपना नाम लिखा है, उसे स्वीकार करें और उनका प्रोत्साहन करें।

## शिक्षण-प्रक्रिया की समीक्षा



- क्या सभी अपने नाम को पहचान पाए थे?
- यदि नहीं, तो उन बच्चों की पहचान करें और अगले 1-2 दिन में उन्हें अपने नाम की पहचान करने के मौके देने का प्रयास करें।



# राष्ट्रगान

जन–गण–मन अधिनायक जय हे
भारत–भाग्य विधाता।
पंजाब–सिंध–गुजरात–मराठा
द्राविड़–उत्कल–बंग
विंध्य–हिमाचल–यमुना–गंगा
उच्छल–जलधि तरंग
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय गाथा
जन–गण–मंगल दायक जय हे
भारत–भाग्य विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे!


आवरण पृष्ठ के कागज का विशिष्टीकरण: प्रयुक्त कागज................ वर्जिन पल्पयुक्त 175 जी0एस0एम0 का आर्ट पेपर का प्रयोग किया गया है। जिसमें कागज का बर्स्ट इण्डेक्स–न्यूनतम 0.9, वैक्स पिक्स–नो पिक्स ऑन 5ए, ग्लास परसेंट–न्यूनतम 55, ब्राइटनेस न्यूनतम 72 प्रतिशत और सरफेस पी0एच0 5.5 से 8.0 है। कागज की अन्य विशिष्टियाँ बी0आई0एस0 कोड आई0एस0–4658–1988 के अनुसार हैं एवं कागज 53.34 सेमी x 78.74 सेमी है। आवरण पृष्ठ का बाहरी भाग चार रंगों तथा अन्दर का भाग एक रंग में मुद्रित है।

2022-2023

उ0प्र0, बेसिक शिक्षा परिषद्

U7C3H6

निःशुल्क वितरण हेतु

उत्तर प्रदेश शासन

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

NIPUN BHARAT

LLF Language and Learning foundation
Strong Foundation, Stronger Future



# कार्यपुस्तिका किसलय


कक्षा 2

निःशुल्क वितरण हेतु

2022–2023

# रेलगाड़ी

छुक-छुक करती रेल चली।
शोर मचाती रेल चली।
इंजन धुआँ उड़ाता है,
सरपट दौड़ लगाता है।
कितने सारे लोग यहाँ,
इधर-उधर है भीड़ जमा।
कितने डिब्बे इधर खड़े,
कितने इंजन बड़े-बड़े।






सप्ताह 1
दिवस 1


## पाठ - 1

उभरती साक्षरता


बिंदुओं को मिलाएं।



एक जैसे चित्रों को मिलाएं।
(शिक्षक दिए गए उदाहरण से बच्चों को गतिविधि समझाएं।)



सबसे बड़े जानवर के चित्र पर सही (✓) का निशान लगाएं।
(शिक्षक बच्चों से जानवरों के आकार के बारे में चर्चा करें।)




DD / MM / YYYY

# पाठ - 2



बिंदुओं को मिलाएं।



चित्रों के नाम अपने साथी को बताएं।



DD / MM / YYYY






# पाठ - 3



बिंदुओं को मिलाएं।



शिक्षक वाक्य बोलें और बच्चों को चित्रों से मिलाने को कहें।
(शिक्षक दिए गए उदाहरण से बच्चों को गतिविधि समझाएं।)




सबसे भारी चीज पर गोला बनाएं।
(शिक्षक वस्तुओं के वजन पर चर्चा करें, फिर गतिविधि करवाएं।)




DD / MM / YYYY





# पाठ - 4

उभरती साक्षरता

बिंदुओं को मिलाएं।



ये किस काम आते हैं ? अपने साथी को बताएं।

चित्र में क्या हो रहा है ? अपने साथी को बताएं।
(शिक्षक बच्चों से चर्चा करें कि आप कौन-कौन से खेल खेलते हो ?)



DD / MM / YYYY







# पाठ - 5

उभरती साक्षरता

बिंदुओं को मिलाएं।


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| व | व | व | व | व | व |
| त | त | त | त | त | त |
| प | प | प | प | प | प |
| र | र | र | र | र | र |

चित्रों के नाम अपने साथी को बताएं।



जोड़ी मिलाएं।
(शिक्षक दिए गए उदाहरण से बच्चों को गतिविधि समझाएं।)



DD / MM / YYYY

सप्ताह 1
दिवस 6

# पाठ - 6

उभरती साक्षरता

बिंदुओं को मिलाएं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| च | च | च | च | च | च |
| ज | ज | ज | ज | ज | ज |
| | ल | ल | ल | ल | ल |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| म | म | म | म | म | म |
| ग | ग | ग | ग | ग | ग |

सुबह से शाम तक करने वाले कार्यों को क्रम से बताएं।
(शिक्षक मौखिक रूप से चित्र पर चर्चा करें, फिर इस गतिविधि को जोड़ों में करवाएं।)



DD/MM/YYYY ..................



सप्ताह 1


# गृह कार्य

बिंदुओं को मिलाएं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ट | ट | ट | ट | ट | ट |
| ठ | ठ | ठ | ठ | ठ | ठ |
| ड | ड | ड | ड | ड | ड |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ढ | ढ | ढ | ढ | ढ | ढ |
| झ | झ | झ | झ | झ | झ |


बिंदुओं को मिलाएं और मकड़ी को उसके घर तक पहुँचाएं।



अपनी पसन्द का चित्र बनाएं और उसके बारे में अपने घर के सदस्यों को बताएं।

निर्देश: शिक्षक अभिभावकों से संवाद करें और गृह कार्य करने में सहयोग हेतु प्रोत्साहित करें।

DD/MM/YYYY ..................



# राष्ट्रगान

जन–गण–मन अधिनायक जय हे
भारत–भाग्य विधाता।
पंजाब–सिंध–गुजरात–मराठा–
द्राविड़–उत्कल–बंग
विंध्य–हिमाचल–यमुना–गंगा
उच्छल–जलधि तरंग
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय गाथा
जन–गण–मंगल दायक जय हे
भारत–भाग्य विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे!

सत्र 2022-2023

आवरण पृष्ठ के कागज का विशिष्टीकरण: प्रयुक्त कागज................. वर्जिन पल्पयुक्त 175 जी0एस0एम0 का आर्ट पेपर का प्रयोग किया गया है। जिसमें कागज का बर्स्ट इण्डेक्स–न्यूनतम 0.9, वैक्स पिक्स–नो पिक्स ऑन 5ए, ग्लास परसेंट–न्यूनतम 55, ब्राइटनेस न्यूनतम 72 प्रतिशत और सरफेस पी0एच0 5.5 से 8.0 है। कागज की अन्य विशिष्टियाँ बी0आई0एस0 कोड आई0एस0–4658–1988 के अनुसार हैं एवं कागज 53.34 सेमी ग 78.74 सेमी है। आवरण पृष्ठ का बाहरी भाग चार रंगों तथा अन्दर का भाग एक रंग में मुद्रित है।

उ0प्र0, बेसिक शिक्षा परिषद्

उत्तर प्रदेश शासन

M1V3F6

निःशुल्क वितरण हेतु